भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2548
13 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना

2548. श्री गोला बाबूरावः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए द्वितीय स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना का शुभारंभ 15 जुलाई, 2025 को किया गया और इसका समापन 18 जुलाई, 2025 को हुआ;

(घ) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों की संख्या कितनी-कितनी है;

(ङ) वीआरएस-II से प्राप्त होने वाले लाभ क्या हैं और यह वीआरएस-I से किस प्रकार भिन्न है;

(च) आरआईएनएल द्वारा घोषित प्रथम वीआरएस और आरआईएनएल की पुनरुद्धार योजना/निजीकरण के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(छ) क्या आरआईएनएल ने दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में तृतीय वीआरएस की घोषणा की है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (छ): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की कठिन वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत, जनशक्ति को युक्तिसंगत बनाने और अनुकूलित करने के लिए जनवरी, 2025 से आरआईएनएल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तीन चरण शुरू किए गए हैं।

*****